रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

एस.जी.-डी.एल.-अ.-29012022-232994
SG-DL-E-29012022-232994

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 51]	दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 28, 2022/माघ 8, 1943	[रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 400
No. 51]	DELHI, FRIDAY, JANUARY 28, 2022/MAGHA 8, 1943	[N. C. T. D. No. 400

भाग IV
PART IV

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

उच्च शिक्षा निदेशालय

अधिसूचना

दिल्ली, 28 जनवरी, 2022

सं. फा. (2)/डीएचई/(9)(1)/डीएसयु/2015–16/567.—दिल्ली खेल विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (2020 का दिल्ली अधिनियम 01) की धारा (29)के साथ पठित धारा (42) की उपधारा (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल एतद्द्वारा दिल्ली खेल विश्वविद्यालय, दिल्ली की निम्नलिखित संविधियों को बनाते है, अर्थातः–

1. संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ

(1) इन संविधियों को दिल्ली खेल विश्वविद्यालय, दिल्ली (प्रथम) संविधि, 2021 कहा जाएगा ।

(2) ये अधिकारिक राजपत्र में अपने प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. परिभाषाएं

(1) इन संविधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः

(क) ''खेल और शैक्षिक परिषद'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय की खेल और शैक्षिक परिषद से है।

(ख) ''अकादमिक स्टाफ'' का अभिप्राय कर्मचारियों की ऐसी श्रेणियों से है जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारी होने के लिए संविधियों द्वारा नामित हैं।

(ग) ''बोर्ड'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड से है।

(घ) ''कैंपस'' का अभिप्राय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के भीतर निर्देश, या अनुसंधान, या दोनों की व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित या गठित इकाई से है।

(ड) ''योग्यता'' का अभिप्राय रोजगार की भूमिका के सफलतापूर्वक तथा कुशलतापूर्वक निर्वहन हेतु अर्जित ज्ञान तथा प्रज्ञता का चरित्र के विकास में उपयोग करने से है।

(च) ''केंद्र'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय की सामुदायिक आउटरीच और विस्तार सेवाओं के लिए केंद्र से है।

(छ) ''प्रमाणपत्र'' का अभिप्राय दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये ऐसे सम्मान से है जो यह प्रमाणित करता है कि प्राप्तकर्ता ने निर्धारित अध्ययन के पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

(ज) ''कुलाधिपति'', ''कुलपति'' एवं ''सम–कुलपति'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति और सम–कुलपति से हैं।

(झ) ''परीक्षा नियंत्रक'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से है।

(ञ) ''वित्त नियंत्रक'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक से है।

(ट) ''कोर्ट'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के कोर्ट से है।

(ठ) ''क्रेडिट फ्रेमवर्क'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय द्वारा किसी छात्र के लिए रोजगार की भूमिका के सफलतापूर्वक अथवा कुशलतापूर्वक निर्वाहन हेतु सक्षमता प्राप्त करने के लिए शिक्षा, कौशल, प्रज्ञता क्रेडिटों की मापित इकाईयों पर विकसित फ्रेमवर्क से है।

(ड) ''पाठ्यचर्या पैकेज'' का अभिप्राय योग्यता आधारित पाठ्यक्रम पैकेज से है जिसमें पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें, छात्र मैनुअल, प्रशिक्षक गाइड, प्रशिक्षण मैनुअल, आकंलन और मूल्यांकन दिशानिर्देश और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री सहित ऐसी सभी सामग्री शामिल है, जो किसी भी व्यक्ति को विशेष रोजगार की भूमिका में लगाने के लिए अपेक्षित योग्यताओं तथा कौशलों एवं निष्पादन परिणामों को प्राप्त करने के लिए किसी छात्र को तैयार करने हेतु आवश्यक कौशल शिक्षा एवं शिक्षण प्रदान करना है।

(ढ़) ''डीन,'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के डीन से है।

(ण) ''उपाधि'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के अंतर्गत आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्दिष्ट किसी भी तरह की उपाधि से है।

(त) ''दिल्ली'' का अभिप्राय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से है।

(थ) ''विभाग'' का अभिप्राय एक संकाय के भीतर शैक्षिक विभाग से है।

(द) ''डिप्लोमा'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए ऐसे सम्मान से है जो उपाधि नही है लेकिन यह प्रमाणित करता है कि प्राप्तकर्ता ने निर्धारित अध्ययन के पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

(ध) ''कर्मचारी'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किसी भी व्यक्ति से है।

(न) ''संकाय'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के अध्ययन के संकाय से है।

(प) ''वित्त समिति'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय की वित्त समिति से है।

(फ) ''सरकार'' का अभिप्राय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल से है जिसे राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त किया गया है और संविधान के अनुच्छेद 239 (कक) के तहत इस रूप में नामित किया गया है।

(ब) ''हॉल'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए निवास या कॉर्पोरेट जीवन की एक इकाई से है।

(भ) ''संस्था'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित या अनुरक्षित एक शैक्षणिक संस्था से है।

(म) ''प्रशिक्षक'' का अभिप्राय विशेष रूप से अपने विशेष क्षेत्रों में कौशल प्रदान करने के लिए नियुक्त व्यक्ति से है।

(य) ''कदाचार'' का अभिप्राय संविधियों और अध्यादेश द्वारा निर्धारित कदाचार से है।

(कक) ''राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक'' का अभिप्राय संबंधित क्षेत्र कौशल परिषदों द्वारा विकसित राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक से है जो विशेष रोजगार हेतु शिक्षा, प्रशिक्षण, भर्ती के लिए बेंचमार्क बनने वाली किसी विशेष रोजगार की भूमिका में लगे या लगे होने की संभावना वाले व्यक्ति के लिए मापन योग्य निष्पादन परिणामों, कौशल तथा योग्यताओं को परिभाषित करता है।

(कख) ''राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी'' का अभिप्राय केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी से है।

(कग) ''राष्ट्रीय कौशल विकास निगमः का अभिप्राय केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से है।

(कघ) ''राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क'' का अभिप्राय कौशल के लिए योग्यता आश्वासन फ्रेमवर्क से है जो, किस प्रकार इस तरह के ज्ञान, कौशल अथवा योग्यता अपेक्षित है पर ध्यान दिये बिना सीखनें के परिणामों को परिभाषित करने के लिए ज्ञान तथा कौशलों के स्तरों की एक श्रृंखला के अनुसार योग्यता आयोजन करने के केन्द्र सरकार द्वारा यथाअधिसूचित राष्ट्रीय सिद्वांत पर आधारित है।

(कड़) ''अधिसूचना'' का अभिप्राय आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना से है।

(कच) ''कुलानुशासक'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के कुलानुशासक से है।

(कछ) ''निर्धारित'' का अभिप्राय इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाई गई संविधियों, अध्यादेशों या विनियमनों द्वारा 'निर्धारित' से है।

(कज) ''रजिस्ट्रार'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से है।

(कझ) ''स्कूल'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित और प्रशासित दिल्ली खेल' स्कूल से है।

(कञ) ''कौशल'' का अभिप्राय शिक्षा तथा प्रज्ञता के माध्यम से किसी रोजगार की भूमिका के सफलतापूर्वक तथा कुशलतापूर्वक निष्पादन हेतु अर्जित योग्यता तथा सक्षमता से है।

(कट) ''स्टाफ'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ से है।

(कठ) संविधि'', ''अध्यादेश'' और ''विनियम'' का अभिप्राय दिल्ली खेल विश्वविद्यालय के संविधि, अध्यादेश और विनियमन से है।

(कड) ''शिक्षक'' का अभिप्राय दिल्ली खेल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और ऐसे अन्य व्यक्तियों से है जिन्हें विश्वविद्यालय में, या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी भी संस्थान / केंद्र में अनुदेश देने, शिक्षण या अनुसंधान करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है तथा उन्हें संविधियों द्वारा शिक्षकों के रूप में नामित किया गया है।

(कढ) ''विश्वविद्यालय'' का अभिप्राय इस अधिनियम के अन्तर्गत निगमित दिल्ली खेल विश्वविद्यालय से है।

(कण) ''विश्वविद्यालय अनुदान आयोग'' का अभिप्राय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से है।

2. इन संविधियों में प्रयुक्त अपरिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम मे उनके लिए प्रयुक्त किया गया है।

3. कुलाधिपति –

दिल्ली खेल विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10 में निहित प्रावधानों के अलावा, निम्नलिखित को एतद्द्वारा आगे निर्धारित किया गया हैः

यदि कुलाधिपति का अभिमत है कि कुलपति जानबूझकर अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने से इनकार अथवा चूक करता है या उसमें निहित शक्तियों का दुरुपयोग करता है और यदि कुलाधिपति को यह प्रतीत होता है कि ऐसे अधिकारी का कार्यालय में बने रहना विश्वविद्यालय के हितों के लिए हानिकारक है तो कुलाधिपति, इस प्रकार की जांच करने के बाद जैसा वह उचित समझे, आदेश द्वारा उक्त अधिकारी को हटा सकता है। कुलाधिपति को किसी भी जांच के विचाराधीन अथवा लंबित होने के दौरान भी ऐसे अधिकारी को निलंबित करने की शक्ति होगी।

4. कुलपति –

अधिनियम की धारा 26 में निहित प्रावधानों के अतिरिक्त, निम्नलिखित को एतद्द्वारा आगे निर्धारित किया गया हैः

(1) उच्चतम स्तर की योग्यता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता तथा संस्थागत प्रतिबद्धता वाले व्यक्तियों को कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

(2) नियुक्त होने वाला कुलपति एक प्रतिष्ठित खेल विद्वान या अंतरराष्ट्रीय ख्याति का खिलाड़ी हो अथवा विश्वविद्यालय प्रणाली में प्रोफेसर के पद पर दस साल का अनुभव रखता हो या किसी प्रतिष्ठित खेल संस्थान / शैक्षणिक अथवा प्रशासनिक संगठन में समकक्ष पद पर कम से कम दस साल का अनुभव रखता हो ।

(3) प्रथम कुलपति की नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा की जाएगी। चार सदस्यों की एक समिति द्वारा चयनित तीन नामों (वर्णमाला क्रम में लिखे गए) के एक पैनल से कुलाधिपति द्वारा अनुवर्ती कुलपतियों की नियुक्ति की जाएगीः –

(क) राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला के पूर्व या वर्तमान निदेशक – सदस्य

(ख) भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व या वर्तमान निदेशक – सदस्य

(ग) प्रधान सचिव / सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार – सदस्य सचिव (पदेन)।

खोजबीन–सह–चयन समिति तीन नामों का पैनल कुलाधिपति को अग्रेषित करेगी

(घ) प्रतिष्ठित खिलाड़ी.

(4) कुलपति अपने कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा तथा केवल एक और कार्यकाल हेतु पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा परंतु यह भी उपबंधित है कि कुलपति के रूप में नियुक्त व्यक्ति सत्तर वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पद पर नहीं रहेगा।

(5) कुलपति की परिलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें निम्नानुसार होंगीः

(i) कुलपति को एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के समान वेतन का भुगतान किया जाएगा, जो पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर वृद्धि के अधीन होगा परन्तु यह भी उपबंधित है कि यदि कोई पेंशन प्राप्त करने वाला व्यक्ति (किसी राज्य या केंद्र सरकार से) कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो उसका वेतन इस तरह की पेंशन को ध्यान में रखकर तय किया जाएगा।

(ii) उपखंड (i) में निर्दिष्ट वेतन के अतिरिक्त, कुलपति समय–समय पर निर्धारित ऐसे अवकाश, लाभ और अन्य भत्तों को प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।

(iii) कुलपति इस प्रकार के अंतिम लाभों और भत्तों को प्राप्त करने के अधिकारी होंगे जो समय–समय पर कुलाधिपति के अनुमोदन से बोर्ड द्वारा निर्धारित किए जाएंः

परन्तु यह भी उपवंधित है कि जहां विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय या ऐसे अन्य विश्वविद्यालय द्वारा संचालित या संबद्ध किसी कॉलेज के कर्मचारी को कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसे किसी भी भविष्य निधि में योगदान जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें वह सदस्य है और विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्ति के उस भविष्य निधि खाते में उसी दर से अंशदान करेगा जिस दर पर वह उस व्यक्ति के कुलपति के रूप में नियुक्ति के ठीक पहले से अंशदान कर रहा था।

परन्तु आगे यह भी उपबंधित है कि जहां कोई ऐसा अधिकारी किसी पेंशन योजना का सदस्य रहा हो तो विश्वविद्यालय ऐसी योजना में आवश्यक अंशदान करेगा।

(iv) कुलपति अपने सम्पूर्ण कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय की निःशुल्क कार का उपयोग कर सकता है तथा किराए का भुगतान किए बिना सुसज्जित आवास के उपयोग के हकदार होंगे और व्यक्तिगत रूप से कुलपति से इस प्रकार की कार और आवास के रखरखाव के लिए कोई शुल्क नहीं वसूला जायेगा।

(6) कुलाधिपति की अनुपस्थिति में कुलपति कोर्ट की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

(7) कुलपति विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकरण या किसी अन्य निकाय की किसी बैठक में उपस्थित होने और उसे संबोधित करने का हकदार होगा, लेकिन वह वोट देने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि वह ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य न हो। .

(8) कुलपति को विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को अवकाश स्वीकृत करने और ऐसे कर्मचारी की अनुपस्थिति में उसके कार्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का अधिकार होगा।

(9) कुलपति का यह कर्तव्य होगा कि वह अधिनियम, संविधियों, अध्यादेशों और विनियमनों के विधिवत पालन का अवलोकन करें तथा इस तरह के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उनके पास सभी आवश्यक शक्तियां होंगी।

(10) कुलपति विश्वविद्यालय के मामलों पर नियंत्रण रखेगा तथा विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकारियों के निर्णय को प्रभावी करेगा।

(11) स्थितिनुसार आवश्यकता पडने पर कुलपति के पास कुलाधिपति के अनुमोदन से कोर्ट, प्रबंधन बोर्ड, शौक्षिक परिषद, भवन एवं निर्माण समिति तथा वित्त समिति की बैठक बुलाने की शक्ति होगी।

(12) कुलपति रिक्त पद पर अध्यादेश में निर्धारित प्रक्रिया तथा सेवा की शर्ते एवं निबंधन के अनुसार एक बार में छह महीने से अधिक की अवधि के लिए ऐसे व्यक्तियों की अल्पकालिक नियुक्तियां कर सकते हैं, जिन्हें वह विश्वविद्यालय के कामकाज के लिए आवश्यक समझे।

(13) कुलपति के पास विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को प्राप्त करने और इसके कामकाज में सहायता के लिए शिक्षकों /अधिकारियों/कर्मचारियों को अतिरिक्त उत्तरदायित्व सौंपने की शक्ति होगी। यदि कुलपति को प्रतीत होता है कि संबंधित शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी विश्वविद्यालय के उद्देश्यों और कार्यों में उचित योगदान देने में असमर्थ है तो उसके पास पद की निर्धारित अवधि पूरी होने से पहले किसी भी समय किसी भी शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी से उत्तरदायित्व/अधिकार वापस लेने की शक्ति होगी ।

(14) कुलपति के पास विश्वविद्यालय में अनुशासन के उचित रखरखाव के लिए आवश्यक सभी शक्तियां होंगी और वह ऐसी कोई भी शक्ति ऐसे अधिकारी या अधिकारियों को सौंप सकता है जिन्हें वह उचित समझे।

5. सम–कुलपति

(1) प्रत्येक सम–कुलपति की नियुक्ति बोर्ड द्वारा कुलपति की सिफारिश पर की जाएगीः

परन्तु यह भी उपबंधित है कि यदि सम– कुलपति की सिफारिश बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है, तो मामला कुलाधिपति को भेजा जाएगा जो या तो कुलपति द्वारा अनुशंसित व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है या बोर्ड के विचार–विमर्श हेतु कुलपति से किसी अन्य व्यक्ति की सिफारिश करने के लिए अनुरोध कर सकता है।

(2) सम–कुलपति का कार्यकाल कुलपति के कार्यकाल के साथ समाप्त होगाः

परन्तु यह भी उपबंधित है कि सम–कुलपति अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर पद पर नहीं बने रहेगा।

(3)(क) सम–कुलपति का वेतन कुलाधिपति के अनुमोदन से प्रबंधन बोर्ड द्वारा तय किया जाएगा।

(ख) उप–खंड (क) में निर्दिष्ट वेतन के अतिरिक्त सम–कुलपति समय–समय पर निर्धारित ऐसे अवकाश, लाभों और अन्य भत्तों को प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।

(ग) प्रत्येक सम–कुलपति ऐसे अंतिम लाभों को प्राप्त करने के अधिकारी होंगे जो समय–समय पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा निर्धारित किए जाएगें।

(घ) प्रत्येक सम–कुलपति को अपने सम्पूर्ण कार्यकाल के दौरान किराए का भुगतान किए बिना, सुसज्जित आवास के उपयोग का उपयोग करने का अधिकार होगा तथा ऐसे आवास के रखरखाव के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सम–कुलपति से कोई प्रभार नहीं वसूला जायेगा।

(4) कुलपति द्वारा समय–समय पर इस संबंध में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में प्रत्येक सम–कुलपति, कुलपति की सहायता करेगा तथा कुलपति द्वारा द्वारा सौंपे गए ऐसे कार्यो के निष्पादन के लिए प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करेगा।

6. डीन –

(1) खेल, शिक्षा, अनुसंधान, परामर्श और छात्रों के कल्याण तथा ऐसे अन्य पहलुओं जिन्हें प्रबंधन बोर्ड आवश्यक समझे पर चर्चा करने के लिए डीन होंगे।

(2) प्रत्येक डीन को कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों या वरिष्ठ संकाय में से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा और वह पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगाः

परन्तु यह भी उपबंधित है कि कोई भी डीन अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर पद पर नहीं बने रहेगा ।

(3) डीन का आवर्तन उन उपलब्ध प्रोफेसरों में से होना चाहिए जिनके पास प्रोफेसर के रूप में कम से कम तीन साल का अनुभव हो।

(4) जब डीन का पद रिक्त हो या जहां डीन रूग्णता, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो तो कुलपति द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त व्यक्ति द्वारा उसके पद के कर्तव्यों का निर्वाहन किया जायेगा।

(5) डीन उसे सौंपे गए कार्यात्मक क्लस्टर का प्रमुख होगा और सौंपे गए कार्यों में काम के मानकों के संचालन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) डीन के कर्तव्य और उत्तरदायित्व वही होंगे जो अध्यादेश में निहित हैं।

7. रजिस्ट्रार –

(1) प्रबंधन बोर्ड रजिस्ट्रार की नियुक्ति के लिए एक चयन समिति का गठन करेगा।

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रार की नियुक्ति धारा (29) के खंड (1) के अंतर्गत गठित चयन समिति की सिफारिश पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा की जाएगी और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा तथा कुलपति के नियंत्रण में कार्य करेगा।

(3) एक रजिस्ट्रार की परिलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें अध्यादेशों द्वारा यथानिर्धारित होगी :

यह भी उपबंधित है कि एक रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अधिवर्षिता की आयु अर्थात 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(4) एक रजिस्ट्रार के पास शिक्षकों के अलावा ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की शक्ति होगी जो प्रबंधन बोर्ड द्वारा इस संबंध में यथानिर्दिष्ट किए गए सामान्य या विशेष आदेश से बनाए गए है।

(5) खंड (4) के अनुसरण में रजिस्ट्रार द्वारा किए गए किसी भी आदेश के खिलाफ कुलपति को अपील की जाएगी।

(6) किसी मामले में जहां जांच से यह प्रकट होता है कि किसी दण्ड पर कार्यवाही रजिस्ट्रार की शाक्तियों की सीमा से बाहर है तो ऐसी स्थिति में राजिस्ट्रार जांच के परिणाम अपनी सिफारिशों के साथ कुलपति को जैसा वे उचित समझे कार्यवाही हेतु रिपोर्ट करेगा।

यह भी उपबंधित है कि ऐसे मामले में किसी कर्मचारी पर कोई जुर्माना लगाने वाले कुलपति के आदेश के खिलाफ प्रबंधन बोर्ड में अपील की जा सकती है।

(7) रजिस्ट्रार ऐसे अन्य कार्य करेगा जो अधिनियम, संविधियों, अध्यादेशों या विनियमों में यथानिर्दिष्ट हैं या प्रबंधन बोर्ड और कुलपति द्वारा समय–समय पर यथापेक्षित हैं।

(8) इस प्रकार नामित रजिस्ट्रार, संबंधित प्राधिकारी के संबंध में उत्तरदायी होगा –

(क) विश्वविद्यालय के अभिलेख और विश्वविद्यालय की सामान्य मुहर की सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तथा प्रशासनिक, शैक्षणिक, कानूनी मामलों के संबंध में या किसी अन्य मामले में जिन पर विश्वविद्यालय की ओर से अभिलेख प्रमाणित करने के लिए, प्रबंधन बोर्ड या विश्वविद्यालय के कुलपति निर्देश दे सकते हैं।

(ख) विश्वविद्यालय सभी संपत्तियों के संरक्षक के रूप में कार्य करेगाा। जब तक कि प्रबंधन बोर्ड द्वारा अन्यथा प्रदान नहीं किया जाता है। वह विश्वविद्यालय की संपत्तियों और परिसंपत्तियों के उचित रखरखाव और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

(ग) विश्वविद्यालय के आधिकारिक पत्राचार के संचालन करने और विश्वविद्यालय के सभी अभिलेखों के उचित रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगा।

(घ) प्राधिकरण और उसके द्वारा नियुक्त समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए सभी सूचनाएं जारी करेगा ।

(ड) प्राधिकारियों द्वारा गठित समिति (समितियों) और प्राधिकारियों की बैठकों का कार्यवृत्त रखेगा ।

(च) आधिकारिक कार्यवाही और पत्राचार का संचालन करेगा ।

(छ) विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारियों के आदेशों का पालन करना जिसके लिए उसे विधिवत रूप से अधिकार प्राप्त होंगे।

(ज) कुलपति और प्रबंधन बोर्ड के निर्देशों का पालन करेगा और उनके अनुपालन का प्रतिवेदन जैसा भी मामला हो, कुलपति या प्रबंधन बोर्ड, को देगा।

(झ) कुलपति/बोर्ड के पूर्वानुमोदन से विश्वविद्यालय द्वारा या उसके विरुद्ध मुकदमों अथवा कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा और कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेगा तथा उसके अभिवचनों को सत्यापित करेगा।

(ण) समय–समय पर विश्वविद्यालय के संबंध में सभी महत्वपूर्ण कानूनी कार्यवाहियों के बारे में कुलाधिपति/कुलपति को अवगत करायेगा और बोर्ड के समक्ष ऐसी सभी जानकारी देने के लिए बाध्य होगा जो उसके व्यवसाय के लेन–देन के लिए आवश्यक हो।

(9) यदि रजिस्ट्रार का पद रिक्त है या जब रजिस्ट्रार अस्वस्थता या किसी अन्य कारण से अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है, तो कुलपति के पास विश्वविद्यालय के एक शिक्षक/अधिकारी को रजिस्ट्रार के कर्तव्यों को सौंपने का अधिकार होगा। जब तक कि नया रजिस्ट्रार अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है या मौजूदा रजिस्ट्रार अपने पद के कर्तव्यों का पालन नहीं करता है, जैसा भी मामला हो।

(8) परीक्षा नियंत्रक –

(1) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति बोर्ड द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिशों पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा की जाएगी। वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा। तथापि, कुलपति के पास नियमित नियुक्ति होने तक विश्वविद्यालय के किसी भी प्रोफेसर को परीक्षा नियंत्रक के कर्तव्यों को सौंपने का अधिकार होगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के व्यवस्थित और समय पर संचालन के लिए उत्तरदायी होगा। वह अपने कार्य से संबंधित अभिलेखों की अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। इसमें परीक्षा आयोजित करने और परिणाम घोषित करने से संबंधित सभी अभिलेख शामिल हैं।

(3) परीक्षा नियंत्रक सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों परीक्षाओं के लिए परीक्षा योजना तैयार करने के लिए उत्तरदायी होगा और इस प्रकार तैयार की गई योजना के अनुसार परीक्षा आयोजित करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

(4) परीक्षा नियंत्रक परीक्षा के शैक्षणिक कैलेंडर के माध्यम से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को अधिसूचित करेगा।

(5) परीक्षा नियंत्रक कुलपति के पूर्वानुमोदन से परीक्षा–केन्द्र (केन्द्रों) का निर्धारण करेगा और केन्द्र–अधीक्षक (अधीक्षकों) की नियुक्ति करेगा।

(6) परीक्षा नियंत्रक के पास कुलपति के अनुमोदन से उड़न दस्ते/पर्यवेक्षक या उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा ''परीक्षाओं एवं संबंधित गतिविधियों'' का निरीक्षण करने की शक्ति होगी।

(7) परीक्षा नियंत्रक का यह कर्तव्य है कि वह परीक्षाओं का स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू संचालन सुनिश्चित करे तथा शीघ्रता से परिणाम घोषित करे।

(8) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणामों को अधिसूचित करेगा और शीघ्रता से विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परिणामों को सार्वजनिक डोमेन पर भी डालेगा।

(9) परीक्षा नियंत्रक परीक्षाओं से संबंधित अभिलेखों का प्रभावी ढंग से और उन प्रणालियों के माध्यम से रखरखाव सुनिश्चित करेगा जिनसे शीघ्र पुर्नप्राप्ति सक्षम हो।

(10) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति का पदेन सदस्य–सचिव होगा और परीक्षा आयोजित कराएगा तथा अन्य सभी व्यवस्था करेगा तथा परीक्षा समिति के अधीक्षण के अधीन, उससे जुड़ी सभी प्रक्रियाओं के उचित निष्पादन के लिए उत्तरदायी होगा।

(11) परीक्षा नियंत्रक छात्रों का आकड़ा संचयन अनुरक्षित करेगा।

(12) परीक्षा नियंत्रक मानद उपाधियों को छोड़कर अन्य उपाधि (उपाधियाँ) प्रदान करने के लिए उम्मीदवारों के नाम (नामों) को अग्रेषित करेगा।

(13) परीक्षा नियंत्रक कुलपति के अनुमोदन से पेपर सेटर, टेबुलेटर, कोलेटर, मॉडरेटर, पर्यवेक्षक और उड़न दस्ते आदि नियुक्त करेगा, तथा परीक्षाओं से संबंधित कार्यों के उद्देश्य के लिए आमंत्रित व्यक्तियों और परीक्षकों, पेपर सेटर, मॉडरेटर आदि के यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता/मानदेय और पारिश्रमिक बिलों के संबंध में नियंत्रण अधिकारी होगा।

(14) परीक्षा नियंत्रक, कुलपति के दिशा–निर्देश के अंतर्गत, परीक्षकों के बोर्ड की बैठकें आयोजित करने वाली सभी सूचनाएं जारी करेगा। बोर्ड के मध्यस्थों तथा परीक्षाओं के संबंध में नियुक्त समितियों की नियुक्ति करेगा तथा ऐसी सभी बैठकों के कार्यवृत्त को अनुरक्षित करेगा। वह कुलपति द्वारा सौंपी गई ऐसी समितियों के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा।

(15) परीक्षा नियंत्रक यह सुनिश्चित करेगा कि परीक्षाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के दुराचार को तुरंत परीक्षा समिति और कुलपति के ध्यान में लाया जाएगा और उसका उचित रूप से निपटान किया जाएगा।

(16) परीक्षा नियंत्रक का परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण होगा और इस संबंध में रजिस्ट्रार की सभी शक्तियां अधिनियम, संविधियों तथा यथाअधिसूचित निर्धारित होंगी।

(17) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली में उच्च स्तर की सत्यनिष्ठा बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संचालन का समय–समय पर समीक्षा करेगा।

(18) परीक्षा नियंत्रक की परिलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें अध्यादेशों द्वारा निर्धारित की जाएंगीः

यह भी उपबंधित है कि परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अधिवार्षिता की आयु अर्थात 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(19) परीक्षा नियंत्रक समय–समय पर कुलपति द्वारा सौंपे गए अन्य उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेगा।

9. वित्त नियंत्रक –

(1) प्रबंधन बोर्ड वित्त नियंत्रक की नियुक्ति के लिए एक चयन समिति का गठन करेगा।

(2) वित्त नियंत्रक की नियुक्ति खंड (1) के अंतर्गत गठित चयन समिति की सिफारिशों पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा की जाएगी (प्रथम वित्त नियंत्रक को छोड़कर, जिसे कुलाधिपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा) और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा तथा कुलपति के नियंत्रण में कार्य करेगा।

(3) वित्त नियंत्रक की परिलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें अध्यादेशों द्वारा निर्धारित की जाएंगीः

यह भी उपबंधित है कि वित्त नियंत्रक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अधिवार्षिता की आयु अर्थात 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(4) जब वित्त नियंत्रक का पद रिक्त हो या जब वित्त नियंत्रक अस्वस्थता, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से वित्त नियंत्रक के रूप में अपने कार्यों का निष्पादन करने में असमर्थ हो, तो उसके कार्यों का निष्पादन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करें।

(5) वित्त नियंत्रक करेगा–

(क) विश्वविद्यालय के धन का सामान्य पर्यवेक्षण करेगा और इसकी वित्तीय नीतियों के संबंध में सलाह दगां; तथा

(ख) ऐसे अन्य वित्तीय कार्यो का निष्पादन करेगा जो प्रबंधन बोर्ड द्वारा उसे सौंपे जा सकते हैं अथवा संविधियों या अध्यादेशों द्वारा यथानिर्धारित है :

परन्तु यह भी उपबंधित है वित्त नियंत्रक कुलपति के पूर्वानुमोदन के बिना ऐसी अन्य राशि जो प्रबंधन बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई है या एक लाख रुपये से अधिक का कोई निवेश नहीं करेगा या कोई व्यय नहीं करेगा।

(6) कुलपति और प्रबंधन बोर्ड के नियंत्रण के अधीन, वित्त नियंत्रक करेगा–

(क) विश्वविद्यालय के वार्षिक खाते और बजट तैयार करेगा और उन्हें वित्त समिति से अनुमोदन के बाद प्रबंधन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा यथानिर्धारित वित्त नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(ग) यह सुनिश्चित करें कि उस वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती व्यय हेतु वित्त समिति द्वारा निर्धारित सीमाएं संबंधित पूर्व–निर्दिष्ट मूल्यों से अधिक नहीं हो, और धन उन्हीं उद्देश्यों के लिए खर्च किया जाता है जिनके लिए इसे प्रदान या आवंटित किया गया है।

(घ) खातों एवं बैंक शेष और निवेशों पर निरंतर निगरानी करेगा।

(ड) राजस्व के संग्रह की वृद्धि को देखेगा और संग्रह की पद्धति पर सलाह देगा।

(च) कुलपति के अनुमोदन से विश्वविद्यालय निधि के उचित और समय पर निवेश के लिए उत्तरदायी होगा।

(छ) यह सुनिश्चित करेगा कि विश्वविद्यालय की निधियों का निवेश इस प्रकार किया जाए जिससे विश्वविद्यालय को लाभ हो।

(ज) यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपकरणों के रजिस्टर को अद्यतन रखा जाए और विश्वविद्यालय में वार्षिक रूप से उनके स्टॉक की जांच की जा रही है।

(झ) किसी भी अनधिकृत व्यय या अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जांच करेगा और दोषी व्यक्ति (व्यक्तियों) के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी को उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई का सुझाव देगा।

(ण) विश्वविद्यालय के किसी भी कार्यालय से कोई सूचना या रिपोर्ट जो उसके कार्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक समझी जाती हो, को लेगा।

(ट) किसी भी वित्तीय मामले में या तो स्वेच्छा से या मांगे जाने पर अपनी सलाह देगा।

(ठ) ऐसे अन्य कार्यों का निष्पादन करेगा, जो उसे कुलपति द्वारा सौंपे जा सकते हैं, या उसके अधीन बनाए गए अध्यादेशों और विनियमों द्वारा निर्धारित किए गए हों।

(ड) विश्वविद्यालय की लेखा वहियों की आंतरिक और बाह्य लेखा परीक्षा कराने के लिए उत्तरदायी होगा।

(7) वित्त नियंत्रक विश्वविद्यालय में सृजित विशेष निधियों जैसे पूर्व छात्र निधि, छात्र कल्याण कोष, प्रायोजक और प्रबंधन बोर्ड द्वारा स्थापित किसी अन्य विशेष निधि का रखरखाव करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके खातों का रखरखाव किया जाता है और उक्त धन का उपयोग उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया गया है जिनके लिए निधि सृजित की गई।

(8) वित्त नियंत्रक द्वारा या प्रबंधन बोर्ड द्वारा इस संबंध में विधिवत अधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा दी गई कोई भी रसीद विश्वविद्यालय के धन के भुगतान के लिए पर्याप्त निर्वहन करेगी।

10. प्रबंधन बोर्ड–

अधिनियम की धारा 11 में यथानिहित प्रावधानों के अतिरिक्त, निम्नलिखित को एतद्द्वारा आगे निर्धारित किया गया है:

(1) प्रबंधन बोर्ड के पास विश्वविद्यालय के प्रबंधन और प्रशासन की समग्र शक्ति होगी, जो अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाई गई विधियों के प्रावधानों के अधीन होगी –

(i) नए विभागों, स्कूलों और केंद्रों तथा नए शैक्षिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के निर्माण के लिए अनुमोदन प्रदान करेगा।

(ii) विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करने, और विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की संख्या में वृद्धि/कमी, आधारभूत संरचना और प्रयोगशाला की आवश्यकताओं तथा शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों की आवश्यकताओं के लिए अनुमोदन प्रदान करेगा।

(iii) शैक्षणिक परिषद की सिफारिशों पर विचार करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, अन्य शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों के कार्यों और सेवा की शर्तों को परिभाषित करना तथा शिक्षण और अन्य शैक्षणिक पदों का सृजन करेगा

(iv) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित नियमों/विनियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार शैक्षाणिक परिषद की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों व अन्य शैक्षिक कर्मचारियों के लिए अर्हता और पात्रता की अन्य शर्ते तय करेगा।

(v) इस प्रयोजनार्थ गठित चयन समितियों की सिफरिशों पर यथावश्यक ऐसे प्रोफेसरों, ऐसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, अन्य शिक्षकों एवं ऐसे शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा।

(vi) विश्वविद्यालयों के सभी शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के चयन के लिए विशेषज्ञों के पैनल का अनुमोदन लेगा।

(vii) विजिटिंग प्रोफेसरों, सहायक संकाय, सम्मानपूर्वक सेवामुक्त प्रोफेसरों, अध्यक्ष प्रोफेसरों की नियुक्ति हेतु दिशा निर्देश प्रदान करेगा तथा ऐसी नियुक्ति के नियमों एवं शर्तो का निर्धारण करेगा।

(viii) प्रशासनिक, लिपिकवर्गीय और अन्य आवश्यक पद सृजित करना; इसकी अर्हता, पात्रता, सेवा की अन्य शर्तें निर्धारित करना और इसके अतिरिक्त नियुक्ति करने के तरीके को निर्दिष्ट करना।

(ix) कुलपति को छोड़कर सभी पदों पर नियुक्तियां करना। ऐसे सभी पदों के लिए बोर्ड अनुशासनात्मक प्राधिकारी होगा।

(x) विश्वविद्यालय में किसी भी कारण से व्यथित अनुभव करने वाले कर्मचारियों और छात्रों की शिकायतों पर विचार करना, उन पर निर्णय देना या उनका निवारण करना।

(xi) संविधियों और अध्यादेशों के अनुसार कर्मचारियों और छात्रों के बीच अनुशासन को विनियमित और लागू करना।

(xii) परीक्षकों की नियुक्ति हेतु व्यापक नीति/दिशा–निर्देश निर्धारित करना।

(xiii) अकादमिक परिषद या अन्य प्राधिकरण के प्रस्ताव पर विचार करने के पश्चात परीक्षकों/विशेषज्ञों/परामर्शदाताओं/पर्यवेक्षकों आदि को देय पारिश्रमिक/मानदेय/यात्रा व्यय आदि निर्धारित करना।

(xiv) विश्वविद्यालय की ओर से किसी चल या अचल संपत्ति का हस्तांतरण करना या हस्तांतरण की स्वीकृति देना।

(xv) विश्वविद्यालय में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए विभिन्न पदक, पुरस्कार, सम्मान और प्रमाण–पत्र स्थापित करना। अकादमिक परिषद की सिफारिशों पर आधारित बोर्ड द्वारा पदकों/पुरस्कारों आदि की प्रकृति/मूल्य और उनकी पात्रता की शर्तों और दिशा–निर्देशों पर निर्णय लिया जाएगा।

(xvi) स्नातकोत्तर और/या स्नातक छात्रों के लिए अध्येतावृत्ति, वज़ीफा, छात्रवृत्ति आदि स्थापित करना।

(xvii) विश्वविद्यालय में उपलब्ध कोष में बचत/आरक्षित निधि/अधिशेष के उपयोग और निवेश के तरीके को निर्धारित और अनुमोदित करना।

(xviii) विश्वविद्यालय के कुलपति अपनी शक्तियों को कुलपति की सिफारिशों पर सम–कुलपतियों, रजिस्ट्रारों, वित्त नियंत्रक या किसी अन्य अधिकारी, कर्मचारी या प्राधिकारी अथवा अपने द्वारा नियुक्ति किसी समिति को प्रत्यायोजित करना ।

(xix) अधिनियम अथवा संविधियों द्वारा यथाप्रदत्त अथवा लागू ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना तथा ऐसे अन्य कार्यों का निष्पादन करना।

(2) बोर्ड अधिनियम, अध्यादेशों और विनियमों द्वारा प्रदत्त सभी शक्तियों का प्रयोग विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु करेगा किसी अन्य कार्य के लिए नहीं।

(3) अकादमिक परिषद के प्रस्ताव के अनुसार बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक मामलों में नीति निर्धारण की आवश्यकता को अनुमोदित किया जाएगा। अकादमिक परिषद प्रबंधन बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट या उसे सौंपे गए किसी भी मामले पर सलाह/प्रतिवेदन देगी।

11. खेल और शिक्षा परिषद–

अधिनियम की धारा 17 में यथानिहित प्रावधानों के अतिरिक्त, निम्नलिखित को एतद् द्वारा आगे निर्धारित किया गया है :

खेल और शिक्षा परिषद, विदेशी मूल के छात्रों और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) और प्रवासी भारतीय (एनआरआई) छात्रों के लिए अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश की नीतियों तथा प्रक्रिया के संबंध में बोर्ड को सिफारिशें करेगी।

12. वित्त समिति –

वित्त समिति का गठन, शक्ति, कार्य और बैठक अधिनियम की धारा 20 के अनुसार होंगी।

13. भवन एवं निर्माण समिति –

अधिनियम की धारा 21 की उप–धारा (1 और 2) में यथानिहित प्रावधानों के अलावा, निम्नलिखित को एतद्द्वारा आगे निर्धारित किया गया है:

(1) भवन और निर्माण समिति में अध्यक्ष के रूप में कुलपति और बोर्ड द्वारा नामित छह से अधिक सदस्य नहीं होंगे।

(2) कुलपति को छोड़कर, भवन एवं निर्माण समिति के सभी सदस्य तीन वर्षों की अवधि के लिए पद धारण करेंगे जिसे दो और वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है

(3) भवन और निर्माण समिति विश्वविद्यालय के विकास और विस्तार हेतु उपयुक्त योजनाओं की रूपरेखा तैयार करके उसे प्रतिपादित करेंगे और यह किसी भी मामले पर बोर्ड और शैक्षणिक परिषद को सलाह देगी जिसे, वह विश्वविद्यालय के उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यक समझे।

(4) भवन और निर्माण समिति की बैठक ऐसे अंतराल पर होगी जो वह समीचीन समझे, लेकिन यह वर्ष में कम से कम दो बार हो।

14. परीक्षा समिति –

अधिनियम की धारा 22 में यथानिहित प्रावधानों के अतिरिक्त, निम्नलिखित को एतद् द्वारा आगे निर्धारित किया गया है :

(1) परीक्षा समिति में अध्यक्ष के रूप में कुलपति और सदस्य–सचिव के रूप में परीक्षा नियंत्रक शामिल होंगे। उसमें कुलपति द्वारा मनोनीत किए जाने वाले पांच और सदस्य भी शामिल होंगे।

(2) समिति के सदस्यों के कर्तव्य, उत्तरदायित्व, कार्य और कार्यकाल अध्यादेश में निर्धारित किए जाएंगे।

15. चयन समितियां –

अधिनियम की धारा 22 में यथानिहित प्रावधानों के अतिरिक्त, निम्नलिखित को एतद् द्वारा आगे निर्धारित किया गया है :

(1) प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, अन्य शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रबंधन बोर्ड को सिफारिशें करने के लिए चयन समितियां गठित की जाएंगी।

(2) प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, अन्य शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों के इन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रत्येक चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात :–

(i) कुलपति समिति के अध्यक्ष के रूप में।

(ii) कुलाधिपति द्वारा नामित एक शिक्षाविद्;

(iii) एक सम–कुलपति/डीन (बोर्ड द्वारा नामित);

(iv) विभाग/स्कूल प्रमुख (यदि वह प्रोफेसर है)

(v) प्रत्येक विभाग/स्कूल/केंद्र/पद हेतु प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित कम से कम सात नामों के पैनल से कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तीन विशेषज्ञ।

(vi) कुलपति द्वारा नामित यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अल्पसंख्यक/ महिला/दिव्यांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक शिक्षाविद (प्रोफेसर रैंक का हो) होगा। यदि इन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी उम्मीदवार आवेदक है और चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों मे से कोई भी उस श्रेणी से संबंधित न हो, चयन समिति के पांच सदस्य (जिनमें कम से कम दो विशेषज्ञ शामिल होंगे) खंड (2) के तहत गठित चयन समिति की बैठक के लिए कोरम का निर्माण करेंगे।

(3) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कॉलेजों के प्रमुखों के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रत्येक चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात् –

(i) कुलपति समिति के अध्यक्ष के रूप में;

(ii) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव/सचिव अथवा उनके नामित।

(iii) कुलपति द्वारा नामित प्रबंधन बोर्ड का एक सदस्य;

(iv) प्राचार्य/निदेशक पद के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित पैनल में से कुलपति द्वारा नामित तीन प्रतिष्ठित व्यवसायी व्यक्ति;

(v) कुलपति द्वारा नामित यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/ महिला/दिव्यांग श्रेणिया का प्रतिनिधित्व करने वाला एक अधिकारी/शिक्षाविद (समूह–अ रैंक का हो) होगा। यदि इन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी उम्मीदवार आवेदक है और चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों मे से कोई भी उस श्रेणी से संबंधित न हो, चयन समिति के पांच सदस्य (जिनमें उक्त श्रेणी iv से कम से कम एक व्यक्ति शामिल होगा) खंड (3) के तहत गठित चयन समिति की बैठक के लिए कोरम का निर्माण करेंगे।

(4) शैक्षणिक कर्मचारियों के अलावा, विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी पदों पर नियुक्ति के लिए प्रत्येक चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात–

(i) समिति के अध्यक्ष के रूप में कुलपति या उसके नामित विश्वविद्यालय के सम–कुलपति के रैंक से नीचे का नहीं होगा।

(ii) रजिस्ट्रार;

(iii) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव/सचिव अथवा उनके नामित।

(iv) कुलपति द्वारा नामित यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक अधिकारी/शिक्षाविद समूह–अ रैंक का होगा। यदि इन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी उम्मीदवार आवेदक है और चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों मे से कोई भी उस श्रेणी से संबंधित न हो, परन्तु यह भी उपबंधित है कि आवश्यकतानुसार, दो विशेषज्ञों को कुलपति द्वारा उपरोक्त चयन समिति में नामित किया जा सकता है। खंड (4) के तहत गठित चयन समिति की बैठक हेतु तीन कोरम होंगे।

(5) कर्मचारियों की संबंधित श्रेणीयों हेतु उपरोक्त सभी चयन समितियाँ सीधी भर्ती तथा कैरियर अग्रिम योजना सहित पदोन्नति के लिए समान होंगी।

(6) अन्य पदों के लिए चयन समितियाँ जो उपरोक्त (2) से (4) के अंतर्गत नहीं आती हैं, का गठन प्रबंधन बोर्ड/कुलपति द्वारा किया जाएगा।

(7) सिफारिशें करने के लिए इस संविधि के अंतर्गत गठित चयन समितियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया वह होगी जो अध्यादेशों में निर्धारित की गई है।

16. नियुक्ति की विशेष पद्धति –

इस संविधि में कुछ भी निहित होने के बावजूद, बोर्ड जैसा उचित समझे, ऐसे निबंधनों और शर्तों पर विश्वविद्यालय में किसी अन्य समकक्ष शैक्षणिक पद अथवा उच्च शैक्षणिक विशिष्ट व्यक्ति या अध्ययन के पाठ्यक्रम से संबंधित व्यवसाय में उच्च पेशेवर लब्धियों वाले व्यक्ति को प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर का पद स्वीकार करने के लिए आमंत्रित कर सकता है।

17. अन्य समितियां –

(1) विश्वविद्यालय का कोई भी प्राधिकारी जितना वह उचित समझे उतनी अनेक स्थायी या विशेष समितियाँ नियुक्त कर सकता है और ऐसी समितियों में ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त कर सकता है जो ऐसे प्राधिकरण के सदस्य नहीं हैं।

(2) धारा 22 के तहत नियुक्त कोई भी समिति, उसे सौंपे गए किसी भी विषय पर कार्रवाई कर सकती है और कार्रवाई करने से पूर्व, यदि कोई हो, तो इसे नियुक्त करने वाले प्राधिकारी से इसकी पुष्टि की मांग करेगी।

18. स्पोर्ट्स स्कूल –

(1) प्रत्येक विभाग और स्कूल ऑफ स्टडीज में पाठ्यक्रम के निर्माण और उसके नियमित अद्यतन से संबंधित मामलों सहित, जैसी भी स्थिति हो, विभाग या स्कूल के शैक्षणिक मामलों पर सलाह देने के लिए एक अध्ययन बोर्ड होगा।

(2) अध्ययन बोर्ड की संरचना और उसके कार्यों को अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

19. सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/नई पेंशन योजना/अवकाश नियमावली/चिकित्सा नियमावली/आचरण और अपील नियमावली/सीसीएस (सीसीए) नियमावली और अन्य नियमावली –

कर्मचारियों की सेवा शर्तें और उसकी नियमावली अध्यादेश में यथानिर्धारित होंगे।

20. विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग हेतु सेवा की निबंधन और शर्तें तथा आचार संहिता –

(1) विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग, किसी भी प्रतिकूल अनुबंध के अभाव में, सेवा की निबंधनों और शर्तों तथा आचार संहिता द्वारा शासित होंगे, जैसा कि संविधियों और अध्यादेशों द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

(2) प्रत्येक शिक्षक और शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग के सदस्य को लिखित अनुबंध पर नियुक्त किया जाएगा।

(3) खंड (2) में निर्दिष्ट प्रत्येक अनुबंध की एक प्रति रजिस्ट्रार के पास जमा की जाएगी।

21. विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों हेतु सेवा की निबंधन और शर्तें तथा आचार संहिता –

विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग के अलावा, सभी कर्मचारी किसी भी प्रतिकूल अनुबंध के अभाव में, सेवा की निबंधनों और शर्तों तथा आचार संहिता द्वारा शासित होंगे, जैसा कि अधिसूचित किया गया है।

22. विश्वविद्यालय के छात्रों के मध्य अनुशासन बनाए रखना –

(1) विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में अनुशासन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में शक्तियां कुलपति में निहित होंगी, जो अपनी सभी या किसी भी शक्ति को, जैसा वह उचित समझे, प्रत्यायोजित कर सकता है।

(2) कुलपति अनुशासन बनाए रखने के लिए जैसा वह उचित समझे ऐसी कार्रवाई करने के लिए तथा अनुशासन बनाए रखने से संबंधी अपनी शक्तियों की व्यापकता को बिना किसी पूर्वाग्रह के प्रयोग करते हुए, आदेश द्वारा निर्देश दे सकते हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र या छात्रों को एक निर्दिष्ट अवधि के लिए खारिज या निष्कासित किया जा सकता है और एक निश्चित अवधि के लिए विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कॉलेज में अध्ययन के पाठ्यक्रम या पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जा सकता है, या आदेश में निर्दिष्ट राशि के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है, अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसी परीक्षा या परीक्षाओं से एक या अधिक वर्षों के लिए वंचित किया जा सकता है या उस परीक्षा या परीक्षाओं से संबंधित छात्र या छात्रों के परिणाम को, जिसमें वह उपस्थित हुआ है या वे उपस्थित हुए हैं, को रद्द कर सकता है।

23. अन्य परिसर –

अन्य भवनों/अन्य परिसरों का विस्तार आवश्यकतानुसार अनुमेय होगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश से तथा उनके नाम पर,

एलिस वाज़ आर., सचिव (उच्च शिक्षा)

DIRECTORATE OF HIGHER EDUCATION

NOTIFICATION

Delhi, the 28th January, 2022

No. F.(2)/DHE(9)(1)/DSU/2015-16/567.—In exercise of the powers conferred by sub- section (1) of section (42) read with section (41) of the Delhi Sports University Act, 2019 (Delhi Act 01 of 2020), Lt. Governor of National Capital Territory of Delhi, is pleased to make the following First Statutes of the Delhi Sports University, Delhi, namely:—

1. Short title and Commencement:- (1) These Statutes may be called the Delhi Sports University, Delhi (First) Statutes, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. Definitions:-(1) In these Statutes, unless the context otherwise requires:-

(a) **"Academic Staff"** means such categories of staff as are designation by the Statute to be the academic staff of the University.

(b) **"Board"** means the Board of Management of the University.

(c) **"Campus"** means the unit established or constituted by the University for making 'arrangement for instruction/ sports training or research or both within the territorial jurisdiction of National Capital Territory of Delhi.

(d) **"Competency"** means the ability to use acquired knowledge and learning and development of character for performing a job role successfully and efficiently.

(e) **"Centre"** means the Centre for Community Outreach and Extension Services of the University and Centre for Professional Excellence in Sports of the University.

(f) **"Certificate"** means such award granted by Delhi Sports University certifying that the recipient has successfully completed a course of study as prescribed.

(g) **"Chancellor" "Vice Chancellor" and "Pro-Vice Chancellor"** means the Chancellor, the Vice Chancellor and Pro Vice Chancellor of the University.

(h) **"Controller of Examination"** means Controller of Examinations of the University

(i) **"Controller of Finance"** means Controller of Finance of the University.

(j) **"Court"** means the Court of the University.

(k) **"Council of Sports and Academics"** means the Council of Sports and Academics of the University.

(l) **"Curriculum package"** means the competency based curriculum package consisting of syllabus, textbooks, student's manual, trainers guide, training manual, assessment and evaluation guidelines and all such material, including electronic material, data analysis required to impart sports training/education and training/teaching to prepare a student to achieve high performance in his/her choice of sports disciplines and also prepare him/ her for particular job in the various spheres of market;

(m) **"Deans"** means the Dean of the University.

(n) **"Degree"** means any such degree, as may be specified by the University Grants Commission, by notification in the Official Gazette, under section 22 of the University Grants Commission Act, 1956.

(o) **"Delhi"** means the National Capital Territory of Delhi.

(p) **"Department"** means a Sports Academic Department within a Faculty;

(q) **"Diploma"** means such award, not being a degree, granted by the University/School certifying that the recipient has successfully completed a course of study as prescribed;

(r) **"Employee"** means any person appointed by the University;

(s) **"Faculty"** means a Faculty of Studies of the University;

(t) **"Finance Committee"** means the Finance Committee of the University;

(u) **"Government"** means Lieutenant Governor of the National Capital Territory of Delhi appointed by the President under article 239 and designated as such under article 239 AA of the constitution;

(v) **"Hostel"** means a unit of residence for the students of the university/school

(w) **"Institution"** means an academic institution established or maintained by the University;

(x) **"Instructors"** means persons appointed specifically for imparting skills in their specialized zones;

(y) **"Knowledge Partner"** means any organization engaged for imparting training/coaching/research through qualified professionals

